वेबसाइट : www.bankofbaroda.in ईमेल corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान: **मुंबई** तारीख:- **13.07.2023**

प्रेस विज्ञप्ति

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने शुरू किया महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र, 2023

2-वर्षीय जमा योजना पर 7.50% प्रति वर्ष की ब्याज दर की पेशकश

मुंबई, 12 जुलाई, 2023: भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक) ने आज महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र (एमएसएससी) योजना शुरू करने की घोषणा की है, जो महिलाओं के लिए सरकार की ओर से एक नई पहल है। एमएसएससी 2-वर्षीय जमा योजना है, जिसमें प्रति वर्ष 7.5% की ब्याज दर की पेशकश की गई है। केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2023-24 में महिलाओं और लड़कियों के लिए एक छोटी बचत योजना, महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र की घोषणा की है। यह योजना 31 मार्च 2025 तक दो वर्षों की अवधि के लिए वैध है।

ग्राहक और गैर-ग्राहक दोनों बैंक ऑफ़ बड़ौदा में महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र योजना संबंधी खाता खुलवा सकते हैं। सभी महिलाएं खाता खोलने के लिए पात्र हैं, जिसे स्वयं के लिए या किसी नाबालिग लड़की की ओर से अभिभावक (महिला या पुरुष) द्वारा खोला जा सकता है। इस योजना के तहत, एक खाताधारक रु. 100 के गुणक में एक समय में या चरणों में रु. 1,000 की न्यूनतम जमा राशि के साथ रु. 200,000 की संचयी जमा राशि जमा कर सकता है। एक व्यक्ति कई खाते खोल सकता है लेकिन मौजूदा खाते और दूसरे खाते को खोलने के बीच न्यूनतम तीन महीने का समय अंतराल बनाए रखना होगा। ब्याज तिमाही आधार पर दिया जाएगा और महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र खाते में जमा कर दिया जाएगा।

खाताधारक या कानूनी अभिभावक (नाबालिग के मामले में) द्वारा खाता खोले जाने की तारीख से एक वर्ष पूरा होने के बाद पात्र शेष राशि का 40% तक आंशिक निकासी की जा सकती है।

इस अवसर पर बात करते हुए, **बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक, श्री अजय के खुराना** ने कहा कि, “इस महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र (एमएसएससी) योजना को विशेष रूप से महिलाओं के लिए डिज़ाइन किया गया है ताकि महिलाओं को निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जा सके और उनकी वित्तीय आत्मनिर्भरता को सुनिश्चित किया जा सके। हमें, बैंक ऑफ़ बड़ौदा में एमएसएससी योजना को शुरू करते हुए बेहद खुशी हो रही है, यह देश भर में हमारी सभी शाखाओं में उपलब्ध होगी। एमएसएससी हर क्षेत्र की महिलाओं को सशक्तीकरण प्रदान करेगा और बैंक ऑफ़ बड़ौदा सरकार की इस पहल को सहयोग प्रदान करने हेतु देश भर में फैली अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति का लाभ उठाएगा।”

एमएसएससी खाता खोलने के लिए फॉर्म बैंक ऑफ़ बड़ौदा की सभी शाखाओं में उपलब्ध हैं।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बारे में:

20 जुलाई, 1908 को सर महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ III द्वारा स्थापित, बैंक ऑफ़ बड़ौदा भारत के प्रमुख वाणिज्यिक बैंकों में से एक है। 63.97% हिस्सेदारी के साथ यह प्रमुख रूप से भारत सरकार के स्वामित्व में है। बैंक पांच महाद्वीपों में 17 देशों में फैले 70,000 से अधिक टचप्वाइंट के माध्यम से 150 मिलियन से अधिक के अपने वैश्विक ग्राहक आधार को सेवाएं प्रदान कर रहा है। अपने अत्याधुनिक डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह सभी बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं को निर्बाध एवं बाधारहित तरीके से उपलब्ध करा रहा है। बॉब वर्ल्ड मोबाइल ऐप ग्राहकों को एक ही ऐप के अंतर्गत बचत, निवेश, उधार एवं खरीदारी का अनुभव प्रदान कर रहा है। यह ऐप वीडियो केवाईसी के माध्यम से खाता खोलने की सुविधा उपलब्ध कराकर गैर-ग्राहकों को भी सेवा प्रदान करता है। बैंक का दृष्टिकोण अपने विविध ग्राहक आधार के अनुरूप है तथा यह विश्वास एवं सुरक्षा की भावना पैदा करता है। बैंक उस दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है और बॉब वर्ल्ड डिजिटल परिवर्तन की दिशा में इसके रोडमैप का एक प्रमाण है।

- www.bankofbaroda.in पर जाएं.
- फेसबुक https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- ट्विटर https://twitter.com/bankofbaroda
- इंस्टाग्राम https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- यूट्यूब https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- लिंक्डइन https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

कृपया अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

बैंक ऑफ़ बड़ौदा का संपर्क सूत्र: फिरोजा चौकसी | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com

परफेक्ट रिलेशंस - स्नेहा जोशी | +91 9833004482 | Sneha.Joshi@dentsu.com